हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ. ग.)

रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) 491001

ई मेल : academic@durguniversity.ac.in वेब साईट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष :0788–2359400

क्र. 2950 / अका. / 2025 दुर्ग, दिनांक 19 / 03 / 2025

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के शैक्षणिक गतिविधियों सम्बधित दिशा–निर्देश।

संदर्भः– कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक – 3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल इन्द्रावती भवन नवा रायपुर का पत्र क्रमांक 752 / 2024 / आउशि / गु.प्र. / 2025, नवा रायपुर दिनांक 18 / 03 / 2025।

––000––

विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के शैक्षणिक गतिविधियों सम्बन्धित आपके द्वारा चाही गयी दिशा–निर्देश निम्नानुसार प्रेषित है–

01. स्नातक पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षाओं के दौरान सेमेस्टर कक्षाओं का अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जाना सुनिश्चित किया जाये।
02. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानुसार द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा जेनेरिक इलेक्टिव (GE) एवं कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) का चयन कराये जाने का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये।
03. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानानुसार जेनेरिक इलेक्टिव (GE) कोर्स हेतु किसी संकाय के विद्यार्थियों द्वारा अन्य संकाय के विषय का ही चयन किया जाना हैं।
04. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अन्य संकाय के विषय का जी.ई.-II (GE- II) का चयन जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स हेतु किया जायेगा। संकायवार जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स की सूची (POOL OF GE) विनियम के परिशिष्ट– 5, तालिका–2 में उल्लेखित है।
05. विद्यार्थियों द्वारा जेनेरिक इलेक्टिव कोर्स हेतु प्रथम सेमेस्टर में चयन किया गया विषय का जी.ई.-II (GE- II) अथवा संस्था में उपलब्ध अन्य कोई विषय का जी.ई.-II (GE- II) कोर्स का चयन किया जा सकता है।
06. कुल 41 कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) की सूची (POOL OF GE) विनियम के परिशिष्ट– 6, पेज–2 पर अंकित है। जिसमें से महाविद्यालय में उपलब्ध भौतिक एवं मानव संसाधनों के आधार पर कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) की महाविद्यालयीन सूची तैयार कर विद्यार्थियों के चयन करने उपलब्ध कराया जाये।
07. कुल 41 कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) की सूची (POOL OF GE) {विनियम के परिशिष्ट – 6, पेज–2} में से ही कोर्स का चयन किया जाना है, इसके करिकुलम विभिन्न सम्बन्धित विषयों के करिकुलम में सम्मिलित है। कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) का उस करिकुलम का उपयोग नहीं किया जाना है, जो विषयों के करिकुलम में यदि उपलब्ध है, परन्तु कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) की सूची (POOL OF GE) में शामिल नहीं किया गया है।

कुछ कोर्स के करिकुलम में लिपिकीय त्रुटि के कारण उत्पन्न शंकाओं के समाधान निम्नानुसार स्पष्ट किया जाता है:–

- CHSEC- 01 के कोर्स में Green Chemistry का उपयोग किया जाये, जो करिकुलम में उपलब्ध है।
- PSSEC- 01 के कोर्स में Citizenship, duties and e-Governance का उपयोग किया जाये जो PSSEC- 01 के करिकुलम में उपलब्ध है।
- POOL OF GE में सूचीबद्ध समस्त कोर्स क्रमशः द्वितीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर के लिए मान्य है। किसी विद्यार्थी द्वारा किसी कोर्स का चयन उक्त किसी सेमेस्टर में किया जा सकता है, परन्तु किसी कोर्स का चयन दो बार नहीं किया जा सकता है। अतः करिकुलम कें पार्ट– A के प्रथम पंक्ति में SEMESTER – II/IV/V/VI पढा जाये।
- समस्त कौशल वृद्धि कोर्स (SEC) की अंत सेमेस्टर परीक्षा (ESE), 35 अंक के लिए, व्यवहारिक/क्षेत्रीय कार्य/परियोजना कार्य/प्रायोगिक परीक्षा के अनुरूप सम्पादित किया जायेगा, जैसा कि करिकुलम के पार्ट–D में वर्णित है/विनियम के परिशिष्ट – 7, में उल्लेखित है।
- उपरोक्तानुसार महाविद्यालयों के द्वारा तैयारी कर विश्वविद्यालय को सूचित किया जाये।

08. सम्बद्ध महाविद्यालयों में उपरोक्तानुसार सूचना प्रेषित करते हुए महाविद्यालयों से विद्यार्थियों द्वारा चयन किए गये जेनेरिक इलेक्टिव (GE) एवं कौशल वृद्धि कार्से (SEC) की सूची 25 मार्च तक प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाये।

उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा द्वितीय सेमेस्टर हेतु शैक्षणिक कैलेण्डर शीघ्र प्रेषित किया जानो है, मूल्यांकन कार्य (CIA &ESE) निम्नानुसार प्रस्तावित है–

गतिविधियां	नियमित विद्यार्थियों हेतु	स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु
सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) अंतर्गत विद्यार्थियों को असाइनमेन्ट का आबंटन	30 मार्च तक	10 अप्रैल तक
सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) अंतर्गत प्रथम टेस्ट/क्विज	2,3,4,5 अप्रैल, 2025	20 अप्रैल तक
सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) अंतर्गत प्रथम टेस्ट/क्विज	1,2,3,5 मई 2025	10 मई तक
सतत् आंतरिक मूल्यांकन (CIA) अंतर्गत असाइनमेन्ट का मूल्यांकन	15 मई तक	15 मई तक
प्रायोगिक परीक्षा का संचालन	06 से 15 मई	06 से 15 मई
सेमेस्टर अंत परीक्षा	20 मई से 20 जून तक	

09. तत्सम्बधित किसी प्रकार के शंकाओं के समाधान हेतु विश्वविद्यालय से सीधा सम्पर्क कर सकते है।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)